SAFERWORLD

हिंसक संघर्ष की रोकथाम। सुरक्षित जीवन का आधार

सितम्बर 2014

विवरण

एक लड़की का उन दोस्तों से पुनर्मिलन जो उसकी तरह फिलीपींस में संघर्ष द्वारा विस्थापित हुए थे। मार्च 2014 में, 17 वर्षों की हिंसा-बाधित वार्ता, जिसके दौरान हज़ारों लोग मारे गए थे और 3.5 लाख से ज़्यादा लोग विस्थापित हुए थे, के बाद एक शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। © jason gutierrez/irin/cerf

दीर्घकालिक विकास संबंधी लक्ष्यों से लेकर 2015 के बाद विकास की कार्यसूची तक: शान्ति के लिए आम सहमति बनाना

यह प्रश्न कि शान्ति, शासन प्रणाली और न्याय से संबंधित मुद्दे किस तरह से 2015 के बाद विकास की रूपरेखा के अनुरूप हैं - क्या सचमुच उन्हें शामिल किया जाना चाहिए या नहीं - दीर्घकालिक विकास संबंधी लक्ष्यों के बारे में खुले कार्य समूह के दौरान सबसे अधिक बहस और सबसे अधिक मतभेद वाला मुद्दा था। "दीर्घकालिक विकास के लिए शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों को बढ़ावा देने, सभी लोगों को न्याय तक पहुँच प्रदान करने और सभी स्तरों पर प्रभावशाली, ज़िम्मेदार और संयुक्त संस्थानों का निर्माण करने" का लक्ष्य शामिल था"। यह एक महत्वपूर्ण कदम दर्शाता है। फिर भी विकास की रूपरेखा में इन मुद्दों को शामिल करने के लिए कुछ सदस्य देशों की ओर से प्रतिरोध बना रहता है।

यह विवरण पत्र शान्ति के संबंध में परिस्थितियों का सारांश और 2015 के बाद विकास की कार्यसूची प्रस्तुत करता है। यद्यपि व्यापक तौर पर यह स्वीकार किया जा रहा है कि शान्ति विकास की नई रूपरेखा के अंतर्गत संबोधित की जाने वाली वैश्विक प्राथमिकताओं में से एक होनी चाहिए, अभी भी संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों को इसे शामिल किए जाने के बारे में मूलभूत चिंताएँ हैं। यह पत्र राजनीतिक बहस की समीक्षा करता है: पहले इस प्रमाण का पूर्वावलोकन करते हुए कि शान्ति को क्यों शामिल किया जाना चाहिए और यह पता लगाते हुए कि 2015 के बाद की रूपरेखा में उसे प्रभावशाली ढंग से कैसे एकीकृत किया जा सकता है। विभिन्न सदस्य देशों, उन्हें शामिल करते हुए जिनका शाब्दिक रूप से सर्वाधिक विरोध किया गया है, शोध और संवाद की सालभर चलने वाली प्रक्रिया के आधार पर, यह सामने रखी गई मुख्य समस्याओं का निरीक्षण करता है और शान्ति को शामिल किए जाने के विरुद्ध तर्कों का उत्तर देता है। इन दृष्टिकोणों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायता करने के लिए, यह पत्र कई सिद्धांत प्रस्तावित करता है जिनपर आम सहमति बनाई जा सकती है। यह शान्ति को बढ़ावा देने वाली एक प्रभावी रूपरेखा पर संयुक्त समझौता हासिल करने के लिए व्यावहारिक सुझावों की श्रृंखला के साथ समाप्त होता है। यह सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि चयनित उद्देश्यों और लक्ष्यों के उचित और प्रभावी होने के लिए विकास के नए एजेंडा की रूपरेखा तैयार करने में सबसे व्यापक रूप से संभावित सदस्य देशों - वैश्विक दक्षिण से मुख्य कारकों सहित - की भागीदारी अनिवार्य है।

शान्ति से हमारा क्या अर्थ है?

Saferworld की प्राथमिकता लोग हैं - हमारा मानना है कि हर व्यक्ति, हिंसक संघर्ष और खतरों से मुक्त, शान्तिपूर्ण, सफल जीवन बिताने में सक्षम होना चाहिए। 2015 के बाद विकास की रूपरेखा के माध्यम से हम जिस शान्ति को बढ़ावा देना चाहते हैं वह उन देशों के लोगों पर केंद्रित है जो वर्तमान में हिंसक संघर्ष का सामना कर रहे हैं या उससे उभर रहे हैं। हालाँकि यह केवल हमारी दूरदर्शिता का एक हिस्सा है: सिर्फ़ हिंसा की गैर-मौजूदगी - जिसे "नकारात्मक शान्ति" कहा जाता है -अक्सर अव्यक्त अस्थिरता पर पर्दा डाल सकती है। वैसे भी, हमारा मानना है कि सभी देशों को शासन प्रणाली, न्याय और आर्थिक अवसरों तक समान पहुँच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के माध्यम से जोखिमों को कम करना चाहिए, एक ऐसी शान्ति विकसित करने के लिए जो दीर्घकालिक हो। इसके अतिरिक्त, हम इसके प्रति भी जागरूक हैं कि दुनियाभर में लोग हिंसक खतरों का सामना करते हैं - यह हिंसक संघर्ष से अलग हो सकता है लेकिन यह लोगों और समुदायों के लिए समान रूप से हानिकारक है। दीर्घकालिक शान्ति विकसित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण का लक्ष्य हर प्रकार के संघर्ष, हिंसा और खतरे का सामना करना होना चाहिए।

परिस्थितियाँ

जुलाई 2014 में सहमत दीर्घकालिक विकास-संबंधी लक्ष्य (एस.डी.जी.) पर ओपन कार्य समूह (ओ.डब्ल्यू.जी.) के परिणाम दस्तावेज़ में शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली का लक्ष्य शामिल किए जाने का लगभग उन 1.5 अरब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में स्वागत किया गया है, जो वर्तमान में बड़ी मात्रा में हिंसा का सामना कर रहे देशों में रहते हैं। हालाँकि, ओ.डब्ल्यू.जी. की चर्चाओं के करीबी विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि यह सुनिश्चित करने में अभी काफी काम करने की ज़रूरत है कि 2015 के बाद विकास की नई रूपरेखा में शान्ति को प्रमुख स्थान मिलता है।

शान्ति, सुरक्षा और विकास के बीच परस्पर-निर्भरता लंबे समय से 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के बारे में चर्चाओं का मुख्य भाग रही हैं। उदाहरण के लिए, 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के बारे में मई 2013 में छपी (प्रकाशित) उच्च-स्तरीय रिपोर्ट (एच.एल.पी.) ने इस आधार पर अपने "पाँच बड़े, परिवर्तनकारी बदलावों" में से एक के रूप में शान्ति के प्रचार का वर्णन किया कि ऐसे मूल्यों में "भलाई के मूल तत्व शामिल होते हैं, अतिरिक्त विकल्प नहीं।"[1] इसके अतिरिक्त, सितम्बर 2013 में हुए मिलेनियम विकास उद्देश्य (एम.डी.जी.) के विशेष कार्यक्रम, जिसमें सभी सदस्य देशों ने हस्ताक्षर किए थे, के लिए परिणाम दस्तावेज़ में कहा गया था कि नए विकास ढांचे को "सभी के लिए शान्ति और सुरक्षा, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, कानून का शासन, लिंग समानता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देना होगा।" [2]

विभिन्न यू.एन. सदस्य देशों के बयानों और स्थितियों ने भी दीर्घकालिक विकास के लिए शान्ति के महत्व को उजागर किया है। उदाहरण के लिए, 68वीं यू.एन. जनरल असेम्बली (यू.एन.जी.ए.) के शुभारंभ पर बोलते हुए, चीन के विदेश मंत्री वैंग यि ने एक तुलनात्मक टिप्पणी की थी कि, "विकास की कार्यसूची को आगे बढ़ाने में, हमें अपनी आँखों की तरह शान्ति पर ध्यान देना चाहिए"।[3] विशेष रूप से, फरवरी 2014 में प्रारंभ हुई साझा अफ़्रीकी स्थिति - 54 अफ़्रीकी सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए -शान्ति और सुरक्षा पर एक स्तंभ शामिल किया था।[4] हालाँकि, राजनीतिक और विशेषज्ञ आम सहमति में वृद्धि के बावजूद, इस बारे में बहस कि, क्या शान्ति को एस.डी.जी. में शामिल किया जाए और कैसे किया जाए, सबसे ज़्यादा गौर से की गई ओ.डब्ल्यू.जी. चर्चाओं में से एक थी।

'उद्देश्य' या 'लक्ष्य' के रूप में शान्ति

ओ.डब्ल्यू.जी. के विचार-विमर्श के दौरान सदस्य देशों ने विशेष रूप से निम्न चार अवस्थाओं में से एक अवस्था व्यक्त की:

1. उद्देश्यों और लक्ष्यों में शान्ति के किसी भी संदर्भ को अस्वीकार करना;
2. शान्ति के एकल उद्देश्य का विरोध करना, लेकिन उद्देश्यों के अंतर्गत कुछ शान्ति-संबंधी लक्ष्यों के लिए समर्थन;
3. शान्ति पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ कम से कम एक उद्देश्य के लिए समर्थन; या
4. दो उद्देश्यों के लिए समर्थन, एक शान्ति पर और एक शासन प्रणाली पर।

बड़ी संख्या में सदस्य देशों, अफ़्रीकी संघ (ए.यू.) सहित बहुपक्षीय और क्षेत्रीय समूहों, न्यूनतम विकसित देशों, जी.7+, ई.यू., और चीन, भारत और ब्राज़ील जैसे देशों ने खुद को 2, 3 और 4 श्रेणियों में स्थापित कर लिया है। सदस्य देशों की स्थितियों के बीच विविधता बड़े पैमाने पर शान्ति को एस.डी.जी. के भीतर शामिल करने के बारे में चिंताओं के कारण थी, जिनके बारे में इस विवरण में आगे अधिक विस्तार से बात की गई हैं।

हालाँकि, तीन मुख्य चिंताएँ और तर्क प्रकाश डालने योग्य हैं, क्योंकि 2015 के बाद की रूपरेखा पर बातचीत शुरू होने पर उनकी पुनरावृत्ति की बहुत अधिक संभावना है। ये हैं:

1. शान्ति को शामिल करने के परिणामस्वरूप विकास के एजेंडा का 'सुरक्षाकरण' हो सकता है;
2. शान्ति रियो+20 के एजेंडा के बाहर है, जिसे कुछ पक्ष 2015 के बाद की चर्चाओं के मापदण्ड निर्धारित करने के रूप में देखते हैं; और
3. विकास के परिणामस्वरूप शान्ति उत्पन्न होती है, उसके विपरीत नहीं।

मुख्य प्रक्रियाएँ	2012	2013	2014	2015
संयुक्त राष्ट्र	**रियो+20 दीर्घकालिक विकास पर यू.एन. कॉन्फ़्रेंस,** *मई-जून 2012* सदस्य देशों द्वारा "सभी हितधारकों के लिए खुली संयुक्त एवं पारदर्शी अंतरसरकारी प्रक्रिया" के माध्यम से एस.डी.जी. का समूह विकसित करने के लिए समझौता।	**68वीं यू.एन.जी.ए. का शुभारंभ,** *सितम्बर 2013* सदस्य देशों ने, "एकल रूपरेखा और लक्ष्यों के समूह - स्वाभाविक रूप से सर्वव्यापी और सभी देशों पर लागू" का समर्थन करते हुए, रियो+20 एस.डी.जी. प्रक्रिया को 2015 की बाद की रूपरेखा के साथ लाने का निर्णय लिया। **वैश्विक विषयगत विचार-विमर्श,** *मई 2012-जून 2013* 'संघर्ष, हिंसा एवं आपदा' सहित 11 विभिन्न विषयों पर केंद्रित, जिन्होंने शान्ति को एक सबल और स्वयं एक ध्येय के रूप में स्वीकार किया।	**यू.एन.पी.जी.ए. विषयगत तर्क-वितर्क एवं उच्च-स्तरीय ईवेंट्स,** *फ़रवरी-जून 2014* 2015 के बाद विकास का एजेंडा के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के विकास में सहायता करना। **69वीं यू.एन.जी.ए. का शुभारंभ,** *सितम्बर 2014* इसका विषय होगा "2015 के बाद विकास का परिवर्तनकारी एजेंडा पर कार्य करना और उसे अमल में लाना।" 2015 के बाद विकास का एजेंडा पर एक यू.एन.पी.जी.ए. उच्च-स्तरीय सर्वेक्षण ईवेंट भी होगा। यह उम्मीद की जाती है कि इस चरा में सौदेबाज़ी के लिए सटीक तौर-तरीकों और ओ.डब्ल्यू.जी. का परिणाम दस्तावेज़ पर और सफ़ाई दी जाएगी। **यू.एन.एस.जी. की रिपोर्ट,** *(तिथि tbc)* इस रिपोर्ट में "2015 के बाद विकास की कार्यसूची की दूरदर्शिता, सिद्धांत, उद्देश्य और लक्ष्य" शामिल होंगे। यह उम्मीद की जाती है कि यह एस.डी.जी. पर ओ.डब्ल्यू.जी. और आई.सी.ई.एस.डी.एफ. के कार्य की रूपरेखा प्रदान करेगा।	**2015 के बाद विकास के एजेंडा पर बातचीत,** *(तिथि tbc, जनवरी से शुरू होकर सितम्बर 2015 तक चलने की उम्मीद की जाती है)* **70वीं यू.एन.जी.ए. का शुभारंभ,** *सितम्बर 2015* एक महत्वपूर्ण क्षण जब 2015 के बाद विकास की कार्यसूची औपचारिक रूप से अपनाई जाएगी- इसमें शासनाध्यक्षों के स्तर पर दीर्घकालिक विकास पर उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच का एक असाधारण सत्र शामिल हो सकता है।
दीर्घकालीन विकास संबंधी उद्देश्यों के लिए यू.एन. खुला कार्य समूह		**एस.डी.जी. पर ओ.डब्ल्यू.जी.,** *मार्च 2013-जुलाई 2014* यू.एन. जनरल असेम्बली द्वारा विचार किए जाने के लिए उद्देश्य और लक्ष्य प्रस्तावित करने के कार्य के साथ, ओ.डब्ल्यू.जी. में 30 सीटें साझा करने वाले 70 सदस्य देश थे। परिणाम दस्तावेज़ में 17 उद्देश्य और 169 लक्ष्य शामिल थे		
वित्त		**दीर्घकालिक विकास वित्तीयन पर विशेषज्ञों की अंतरसरकारी समिति,** *मार्च 2013-अगस्त 2014* विभिन्न क्षेत्रीय समूहों द्वारा नामित 30 विशेषज्ञों सहित, दीर्घकालिक विकास के लिए संसाधन जुटाना आसान बनाने के लिए एक प्रभावी दीर्घकालिक विकास वित्तीयन कार्यनीति के लिए विकल्प प्रस्तावित करने के लिए रिपोर्ट तैयार करने के उद्देश्य से, इस समिति को वित्तीय आवश्यकताओं, मौजूदा वित्तीय साधनों और ढांचों का मूल्यांकन करने का कार्य सौंपा गया था।		**विकास के लिए वित्तीयन पर तृतीय कॉन्फ़्रेंस** *जुलाई 2015* 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण - उच्च-स्तरीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी जिनमें मॉन्टेरी सर्वसम्मति को अमल में लाने में की गई प्रगति और विकास वित्तीयन के सभी स्रोतों के बीच अंतर-संबंध शामिल हैं।
जलवायु			**यू.एन. पर्यावरण शिखर सम्मेलन** *सितम्बर 2014* यू.एन.एस.जी. द्वारा आयोजित, शासनाध्यक्ष स्तर पर - दिसम्बर 2015 में पेरिस में सी.ओ.पी. 21 के लिए महत्वाकांक्षा को बढ़ाने के लिए अभीष्ट। ***जलवायु परिवर्तन पर यू.एन. रूपरेखा सम्मेलन का सी.ओ.पी. 20,*** *दिसम्बर 2014*	**विकास के लिए वित्तीयन पर तृतीय कॉन्फ़्रेंस** *जुलाई 2015* 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण - उच्च-स्तरीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी जिनमें मॉन्टेरी सर्वसम्मति को अमल में लाने में की गई प्रगति और विकास वित्तीयन के सभी स्रोतों के बीच अंतर-संबंध शामिल हैं।
अन्य			**जी.20 सम्मेलन,** *नवम्बर 2014* ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित।	**विश्व आर्थिक मंच** *जनवरी 2015* **जी.20 सम्मेलन,** *(tbc)* आयोजक तुर्की, 2015 के बाद और विकास सहयोग पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। **ए.यू. सम्मेलन** *(tbc)* 2015 के बाद विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा
इनपुट	**यू.एन. सिस्टम कार्य टीम,** *जून 2012* प्रमुख सिफ़ारिशें: अधिक समग्र दृष्टिकोण जिसमें शामिल हैं: (1) संयुक्त सामाजिक विकास; (2) संयुक्त आर्थिक विकास; (3) पर्यावरणीय निरंतरता; और (4) शान्ति एवं सुरक्षा।	**डिली सर्वसम्मति,** *मार्च 2013* जी.7+ और पैसिफ़िक आइलैंड के देशों ने शान्ति, स्थिरता और कानून के शासन को बढ़ावा देने के लिए नए एजेंडा की माँग की। **यू.एन.एस.जी. का उच्च-स्तरीय पैनल,** *मई 2013* पाँच परिवर्तन प्रस्तावित किए: (1) किसी को भी पीछे न छोड़ना; (2) दीर्घकालिक विकास; (3) नौकरियाँ और संयुक्त विकास; (4) शान्ति और प्रभावशाली संस्थानों का निर्माण; और (5) नई वैश्विक साझेदारी। **दीर्घकालिक विकास समाधान नेटवर्क,** *जून 2013* वैश्विक शासन प्रणाली की आवश्यकता सहित दस प्राथमिकता क्षेत्र जो दीर्घकालिक विकास को संबोधित करने होंगे। **यू.एन. वैश्विक समझौता,** *जून 2013* चार क्षेत्रों में लक्ष्य प्रस्तावित किए: (1) गरीबी; (2) स्वास्थ्य एवं शिक्षा; (3) संसाधन; और (4) शासन प्रणाली, शान्ति और स्थिरता सहित सक्षम बनाने वाला परिवेश। **लिसनिंग टु 1 मिलियन वॉइसेस,** *सितम्बर 2013* रिपोर्ट ने यह पड़ताल की कि दुनियाभर में दस लाख से ज़्यादा लोग 2015 के बाद विकास के एजेंडा में किस चीज़ को संबोधित करना चाहते हैं।	**2015 के बाद विकास के एजेंडा पर साझा अफ़्रीकी स्थिति,** *फ़रवरी 2014* यह हर तरह से गरीबी दूर करने और एकीकृत, सम्पन्न, स्थिर और शान्तिपूर्ण अफ़्रीका का निर्माण करने के बारे में 54 अफ़्रीकी सदस्य देशों की दूरदर्शिता निर्धारित करती है। **ई.सी. विज्ञप्ति: सभी के लिए सभ्य जीवन,** *फ़रवरी 2014* 2015 के बाद विकास के एजेंडा के बारे में ई.यू. की साझा स्थिति ने इस बात पर ज़ोर देते हुए 17 प्राथमिकता क्षेत्र प्रस्तावित किए कि नए ढांचे को अच्छी शासन प्रणाली, लोकतंत्र और कानून के शासन को बढ़ावा देना चाहिए और शान्तिपूर्ण समुदायों का निर्माण और हिंसा से मुक्ति प्रदान करनी चाहिए।	

कलमा आंतरिक विस्थापित व्यक्ति (आई.डी.पी.) कैम्प के नज़दीक क्षेत्र में गश्त लगाते हुए दारफुर में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यू.एन.ए.एम. आई.डी.) के दक्षिण अफ़्रीकी सैन्यदल के सदस्य।
© यू.एन. फ़ोटो/स्टुअर्ट प्राइस

कुंजी

ए.यू.	अफ़्रीकी संघ	**ओ.डब्ल्यू.जी.**	ओपन कार्य समूह
सी.ओ.पी.	कॉन्फ़्रेंस ऑफ़ पार्टीज़	**एस.डी.जी.**	दीर्घकालिक विकास के लक्ष्य
ई.सी.	यूरोपीय आयोग	**यू.एन.जी.ए.**	यू.एन. जनरल असेम्बली
आई.सी.ई.एस.डी.एफ.	दीर्घकालिक विकास वित्तीयन पर विशेषज्ञों की अंतरसरकारी समिति	**यू.एन.पी.जी.ए.**	यू.एन. जनरल असेम्बली के अध्यक्ष
		यू.एन.एस.जी.यू.एन.	सेक्रेटरी जनरल

उद्देश्य 16: दीर्घकालिक विकास के लिए शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों को बढ़ावा देना, सभी लोगों को न्याय तक पहुँच प्रदान करना और सभी स्तरों पर प्रभावशाली, ज़िम्मेदार और संयुक्त संस्थानों का निर्माण करना

ओपन कार्य समूह परिणाम दस्तावेज़, जुलाई 2014

आगे क्या करना है?

यह स्पष्ट है कि अभी भी एक ऐसा उद्देश्य तैयार करने के लिए काफी काम करना बाकी है जो प्रभावी ढंग से शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों को बढ़ावा देगा, जबकि साथ ही साथ वह अधिकतम संभावित संख्या में सदस्य देशों से वास्तविक राजनीतिक स्वीकृति प्राप्त करेगा। नीचे ऐसे कई मुद्दे दिए गए हैं जो महत्वपूर्ण रूप से इससे संबंधित हैं कि ये दोनों उद्देश्यों में सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है या नहीं:

1. कम लक्ष्य, अधिक मज़बूत भाषा

ओ.डब्ल्यू.जी. की संपूर्ण चर्चाओं में बार-बार सामने आने वाले विषयों में से एक शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली के बारे में **लक्ष्यों की संख्या कम करने की आवश्यकता थी।**

शान्ति और शासन प्रणाली संबंधी लक्ष्यों की संख्या	
ओ.डब्ल्यू.जी. 10	25
ओ.डब्ल्यू.जी. 11	11
ओ.डब्ल्यू.जी. 12	23
परिणाम दस्तावेज़	12

यद्यपि लक्ष्यों की संख्या कम ज़रूर हुई थी, परिणाम दस्तावेज़ के लिए 17 उद्देश्यों और 169 लक्ष्यों के अंतिम समग्र योग (8 एम.डी.जी. और 21 लक्ष्यों की तुलना में) पर नए सिरे से दबाव बनने की संभावना है क्योंकि वार्ताकार एक ऐसा ढांचा तैयार करना चाहते हैं जो सूचनीय और कार्यवाही करने योग्य हो। यह जानते हुए कि शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली से संबंधित उद्देश्यों को शामिल करने पर गर्मागर्म बहस की गई थी, इस उद्देश्य के अंतर्गत लक्ष्य विशेष रूप से दोषपूर्ण हो सकते हैं।

ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ों से संबंधित एक और समस्या यह है कि कई **लक्ष्य वास्तविक परिणामों के बजाय क्षमताओं और प्रक्रियाओं पर केंद्रित हैं।** ओ.डब्ल्यू.जी. की चर्चाओं के दौरान, कई विकासशील देशों ने संस्थागत क्षमताओं के लिए समर्थन पर ध्यान केंद्रित करने का पक्ष लिया था। यद्यपि क्षमताओं और प्रक्रियाओं पर ज़ोर देना 2015 के बाद विकास के एजेंडा का आवश्यक घटक होगा, इस बात का जोखिम है कि इस प्रकार का ध्यान इसे अस्पष्ट करता है कि ऐसा क्या है कि ये क्षमताएँ और प्रक्रियाएँ लक्ष्य पूरा करने के लिए अभीष्ट हैं, और यह भी कि इस प्रकार के उद्देश्य दुनियाभर में लोगों के जीवन से अलग हैं, जिससे उत्तरदायित्व में कमी आ रही है। अन्य लक्ष्य केवल वर्तमान में तैयार लक्ष्यों के रूप में कार्यवाही करने योग्य होने के लिए **बहुत अनिश्चित हैं** (उदाहरण के लिए, लक्ष्य 16.8 देखिए), जबकि कुछ लक्ष्य स्वयं सुरक्षा के प्रति **आक्रामक दृष्टिकोणों से संबंधित** हो सकते हैं जैसे लक्ष्य 16.ए., जो "हिंसा की रोकथाम और आतंकवाद और अपराध से मुकाबला करने के लिए... सभी स्तरों पर क्षमताएँ विकसित करने" के लिए वचनबद्ध है।

2. वैश्विक शासन प्रणाली एवं बाहरी तनाव

शान्ति को शामिल किए जाने पर ओ.डब्ल्यू.जी. की बहस का एक और महत्वपूर्ण पहलू इससे संबंधित है कि शान्ति को बढ़ावा देने और **अच्छे सुशासन को प्रोत्साहित करने के लिए विकासशील देश क्या करने के लिए तैयार हैं।** कई विकासशील देशों ने यह स्थिति व्यक्त की है कि वैश्विक शासन प्रणाली संस्थानों में सुधार इस आधार पर शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली संबंधी किसी भी उद्देश्य का महत्वपूर्ण घटक है कि मुख्य वैश्विक संस्थानों (जैसे, यू.एन. सुरक्षा परिषद [यू.एन.एस.सी.] और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष), जो ऐसे निर्णय लेते हैं जिनका दुनियाभर में शान्ति और शासन प्रणाली पर गहरा असर पड़ता है, पर देशों के कुछ चुनिंदा और अप्रतिनिधिक समूह हावी रहते हैं। यद्यपि लक्ष्य 16.8 वैश्विक शासन प्रणाली के संस्थानों में सुधार की आवश्यकता की ओर संकेत करता है, 2015 के बाद विकास की कार्यसूची पर बातचीत शुरू होने पर यह बहस का प्रमुख मुद्दा होगा। एक और अनसुलझा प्रश्न यह है कि **अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के कारकों, जैसे गैर-कानूनी वित्तीय लेन-देन और हथियारों का व्यापार**, का समाधान करने के लिए विकसित देश कितने तैयार हैं।5 यद्यपि इनमें से कई देशों ने इस प्रकार के मुद्दों को शामिल करने के लिए ओ.डब्ल्यू.जी. की चर्चाओं में आवाज़ उठाई है, यह अनिश्चित है कि उनसे निपटने की इच्छाशक्ति होगी जब ऐसा करना अन्य राष्ट्रीय हितों का विरोध करता हो।

गैर-कानूनी वित्तीय लेन-देन चौंकाने वाली दरों पर विकासशील देश की अर्थव्यवस्था से पूँजी बाहर निकालते हैं। सालाना लगभग $10 खरब के अनुमान के साथ, वे आधिकारिक विकास सहायता और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को कम करते हैं।[6]

उद्देश्य 16 के अधीन लक्ष्य

16.1 हर जगह हर प्रकार की हिंसा और संबंधित मृत्यु दरों को बहुत हद तक कम करना

16.2 बच्चों के विरुद्ध उत्पीड़न, शोषण, सौदेबाज़ी और हर प्रकार की हिंसा और यातना को ख़त्म करना

16.3 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर कानून के शासन को बढ़ावा देना, और सभी लोगों के लिए न्याय तक समान पहुँच सुनिश्चित करना

16.4 2030 तक गैर-कानूनी वित्तीय और हथियारों के लेन-देन को बहुत हद तक कम करना, चोरी की संपत्ति की बरामदगी और वापसी को मज़बूत करना, और हर किस्म के संगठित अपराध का मुकाबला करना

16.5 भ्रष्टाचार और हर प्रकार की रिश्वतख़ोरी को काफ़ी हद तक कम करना

16.6 सभी स्तरों पर प्रभावशाली, ज़िम्मेदार और पारदर्शी संस्थान विकसित करना

16.7 ज़िम्मेदार, संयुक्त, सहभागी और प्रतिनिधिक निर्णय-प्रक्रिया सुनिश्चित करना

16.8 वैश्विक शासन प्रणाली के संस्थानों में विकासशील देशों की भागीदारी को व्यापक और मज़बूत बनाना

16.9 2030 तक सभी लोगों को जन्म पंजीकरण सहित कानूनी पहचान प्रदान करना

16.10 राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के अनुसार, सूचना तक सार्वजनिक पहुँच सुनिश्चित करना और मौलिक स्वतंत्रताओं की रक्षा करना

16.ए. हिंसा की रोकथाम और आतंकवाद और अपराध से मुकाबला करने के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों में, सभी स्तरों पर क्षमताओं का निर्माण करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम सहित, राष्ट्रीय संस्थानों को मज़बूत बनाना

16.बी. दीर्घकालिक विकास के लिए भेदभाव रहित कानूनों और नीतियों को बढ़ावा देना और उन्हें लागू करना

3. बातचीत के तौर-तरीके

अभी भी 2015 के बाद बातचीत के तौर-तरीकों के बारे में कई अनसुलझे प्रश्न हैं, जिनमें शामिल हैं:

1. ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ की स्थिति क्या है? क्या यह 2015 के बाद बातचीत के लिए 'शून्य ड्राफ़्ट' का काम करेगा?
2. विकास की नई कार्यसूची कैसे अपनाई जाएगी? क्या उसके लिए सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करनी होगी?
3. क्या बातचीत के बीच नागरिक समाज का कोई स्थान होगा?

यह उम्मीद की जाती है कि 69वीं यू.एन.जी.ए. के दौरान इनमें से कई मुद्दे हल किए जाएँगे, लेकिन 2015 के बाद बातचीत के लिए उनके समाधान का स्पष्ट और व्यापक महत्व होगा। उदाहरण के लिए, यदि ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ शून्य ड्राफ़्ट का काम नहीं करता तो वह यह प्रश्न प्रस्तुत करता है कि क्या उद्देश्यों और लक्ष्यों को वैसे ही छोड़ देना चाहिए या आगे कोई संशोधन होने चाहिए या नहीं - जिसके परिणामस्वरूप शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली के उद्देश्य में परिवर्तन हो सकते हैं।

शान्ति को शामिल क्यों किया जाना चाहिए?

हिंसा का मौजूदा स्तर कम किया जाना चाहिए	द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार, 50 करोड़ से ज़्यादा लोग - जिनमें आधे से ज़्यादा बच्चे हैं - वर्तमान में जबरन विस्थापित हैं[7]	2012 में हिंसा का जवाब देने में US$ 94.6 खरब का खर्च आया था[8]
शान्ति के बिना गरीबी उन्मूलन असंभव है	"विकास के लिए स्थिरता और शान्ति का परिवेश अनिवार्य है" 8वीं ओ.डब्ल्यू.जी. बैठक में ब्राज़ील का कथन[9]	2030 तक, अत्यधिक गरीबी में रहने वाले 75% लोग उन देशों में रहेंगे जहाँ बड़ी मात्रा में हिंसा का जोखिम है[10]
शान्ति दुनियाभर में लोगों और सरकारों के लिए प्राथमिकता है	अगस्त 2014 तक, 'अपराध एवं हिंसा के विरुद्ध संरक्षण' को 16 प्राथमिकताओं में से छठे स्थान पर रखते हुए 32 करोड़ लोग माई वर्ल्ड सर्वेक्षण में वोट कर चुके हैं[11]	"... महाद्वीप की विकास-संबंधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शान्ति और सुरक्षा अनिवार्य हैं" साझा अफ़्रीकी स्थिति[12]
हिंसक संघर्ष और असुरक्षा ने एम.डी.जी. की प्राप्ति को रोका है	1981 और 2005 के बीच बड़ी हिंसा का सामना कर चुके देश में गरीबी की दर 21% है जो ऐसे किसी भी देश से अधिक है जहाँ कोई हिंसा नहीं हुई[13]	7 देशों द्वारा 2015 तक एक भी एम.डी.जी. पूरा करने की संभावना नहीं है - ये सभी बड़ी मात्रा में हिंसा से प्रभावित हुए हैं[14]
कोई भी देश हिंसा से सुरक्षित नहीं है	हर साल पाँच लाख से ज़्यादा लोग हिंसा से मरते हैं[15]	अगस्त 2011 में लंदन दंगों में लगभग £30 करोड़ का खर्च आया था[16]

शान्ति को कैसे शामिल किया जा सकता है?

यदि 'शान्ति क्यों?' तर्क यही हैं, तो अगला प्रश्न यह होगा कि शान्ति को वैश्विक नीति-संबंधी प्राथमिकताओं - उद्देश्य, लक्ष्य और सूचक स्वरूप में - के संगत समूह के रूप में कैसे व्यक्त किया जा सकता है। यह चुनौतीपूर्ण है क्योंकि हिंसक संघर्ष और असुरक्षा के सभी पैमाने जटिल हैं और उन्हें एक संदर्भ-विशिष्ट ढंग से संबोधित करने की आवश्यकता है। हालाँकि, इस बहस में कई निरीक्षणों ने प्रगति को नया आधार दिया है:

1. शान्ति हिंसा के अभाव से कुछ ज़्यादा से संबंधित है

दीर्घकालिक और 'सकारात्मक' शान्ति हिंसा समाप्त करने और संघर्ष के कारणों को संबोधित करने पर निर्भर करती है। हिंसा का अभाव अव्यक्त अस्थिरता पर पर्दा डाल सकता है - अक्सर गैर-ज़िम्मेदार शासन प्रणाली, भ्रष्टाचार, दण्ड से मुक्ति और अन्याय के परिणामस्वरूप - जिसके कारण राजनीतिक संकट, मानवीय आपात स्थितियाँ, महंगे हस्तक्षेप और विकास लाभों में व्यवधान उत्पन्न होता है।

2. शान्ति को संघर्ष और हिंसा के प्रति निरोधक दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए

एक निरोधक उन्नतिशील दृष्टिकोण बहुपक्षीय संरचना में अधिक प्रतिक्रियाशील और सुरक्षा-केंद्रित संस्थानों (जैसे यू.एन.एस.सी.) का पूरक होगा और संभावित रूप से वित्तीय बोझ को कम करेगा, क्योंकि संघर्ष प्रारंभ होने पर सैन्य खर्च कम हो जाएगा।

3. शान्ति का परिणाम सुरक्षा के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण नहीं होना चाहिए

शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों को बढ़ावा देने वाले लक्ष्यों को लोगों पर केंद्रित परिणामों पर ज़ोर देना चाहिए जैसे "सभी सामाजिक समुदायों के लोग सुरक्षित महसूस करें और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा हो" न कि सुरक्षा के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण के जोखिम को बढ़ावा देने के लिए वे केवल सुरक्षा बलों, जैसे पुलिस, की क्षमताओं को मज़बूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करें।

4. शान्ति को संघर्ष के कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो हिंसा उत्पन्न करते हैं

आवश्यक रूप से कोई भी एकल कारण हर संदर्भ में हिंसा उत्पन्न नहीं करेगा; हालाँकि, संघर्ष के कई कारण हैं जो संदर्भ-दर-संदर्भ हिंसा उत्पन्न कर सकते हैं। इनमें शासन प्रणाली संबंधी कई मुद्दे शामिल हैं, जिनमें असुरक्षा के प्रति अतिसंवेदनशीलता, अन्याय संबंधी शिकायतें, भ्रष्टाचार, संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा, प्रतिस्पर्धी हितों के बीच मध्यस्थता के लिए ख़राब प्रक्रियाएँ, राजनीतिक प्रक्रियाओं में आवाज़ उठाने के हक़ से इनकार और सामाजिक समुदायों के बीच असमानता शामिल हैं। विकास की संपूर्ण नई रूपरेखा में इस प्रकार के मुद्दों को हल करने की ज़रूरत होगी, केवल शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली के उद्देश्य के अधीन नहीं।

5. व्यापक रूप से देश और स्थानीय स्तर पर शान्ति को अपनाया जाना चाहिए

दीर्घकालिक शान्ति को बढ़ावा देना इससे संबंधित नहीं है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अलग-अलग देशों के साथ क्या करता है, बल्कि यह कि देश खुद के लिए क्या करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सबसे अच्छे ढंग से उनका समर्थन कैसे कर सकता है। इसलिए शान्ति की कार्यसूची लागू करने के लिए देश के स्तर पर शामिल सभी कर्ताओं द्वारा व्यापक स्वामित्व की आवश्यकता है। सदस्य देशों को सूचकों के लिए स्वयं अपनी आधार-रेखाएँ और मानदण्ड विकसित करने चाहिए।

6. शान्ति सर्वव्यापी होनी चाहिए

यद्यपि कुछ देश हथियारबंद संघर्ष द्वारा गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं, हर जगह लोग अपने जीवन में असुरक्षा का सामना करते हैं। शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली के किसी भी उद्देश्य को उससे आगे सोचना चाहिए जिससे कुछ सदस्य देश "विशेष स्थितियों" के रूप में संदर्भित करते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी देशों में भय से मुक्ति को बढ़ावा दिया जाए।

हिंसा के प्रति अतिसंवेदनशीलता एक सर्वव्यापी मुद्दा है: अगस्त 2011 में लंदन में दंगों और लूटपाट का कहर। ©demotix

7. परिणामों पर ध्यान

शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली संबंधी लक्ष्यों के उद्देश्य और उत्तरदायित्व की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें परिणामों के रूप में तैयार किया जाना चाहिए, प्रक्रियाओं या क्षमताओं के रूप में नहीं। यद्यपि देश की क्षमता अक्सर शान्तिपूर्ण समुदायों का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इस विशिष्ट मुद्दे के लिए अलग-अलग लक्ष्यों के अत्यधिक निर्देशात्मक होने और ढांचे की सर्वव्यापकता और देशों के संदर्भों के बीच अंतर के प्रति संवेदनशीलता को कम करने का जोखिम है।



शान्ति-संबंधी लक्ष्यों को किसपर ध्यान देना चाहिए?

इन निरीक्षणों के आधार पर, इन मुद्दों पर बहस में भाग लेने वाले ज़्यादातर कर्ताओं - चाहे यू.एन. सिस्टम में, संपूर्ण वैश्विक नागरिक समाज में, सदस्य देशों के क्षेत्रीय और वैश्विक समुदायों के बीच और विशेषज्ञों के बीच - ने 2015 के बाद शान्ति की कार्यसूची के लिए निम्न मुख्य तत्वों को स्वीकार किया है:

- **हिंसा कम** करने के लिए काम करना, और यह सुनिश्चित करना कि **लोग सुरक्षित महसूस करें**,
- **न्याय तक निष्पक्ष पहुँच** सुनिश्चित करना,
- विभिन्न सामाजिक समुदायों के बीच **रोज़गार, संसाधनों और सेवाओं** तक पहुँच सुनिश्चित करना,
- **निर्णय प्रक्रिया में आवाज़ और भागीदारी को सक्षम बनाना**, और शिकायतों का रचनात्मक समाधान,
- **भ्रष्टाचार और रिश्वतख़ोरी** में कमी हासिल करना,
- **बाहरी तनाव** (जिसमें हथियारों, नशीली दवाओं, संघर्ष-संबंधी वस्तुओं का लेन-देन और गैर-कानूनी वित्तीयन शामिल है) को काफ़ी हद तक कम करना।

अभी तक 2015 के बाद की बहस में लगभग सभी मुख्य योगदानों में शान्ति की कार्यसूची के इन तत्वों में परिवर्तनों को लगातार शामिल किया गया है।

शान्ति के लक्ष्यों के लिए सूचक कैसे तैयार किए जाने चाहिए?

कोई भी एकल सूचक हर संदर्भ में प्रगति के बारे में संपूर्ण, निष्पक्ष और विश्वसनीय विवरण प्रदान नहीं कर सकता। निम्न का संयोजन करने वाले सूचकों के समूह का उपयोग करते हुए शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली के लक्ष्यों की निगरानी करने की आवश्यकता होगी:

- **क्षमता** - क्या क्षमता विकास मुख्य समस्या को संबोधित कर रहा है?
- **'उद्देश्य' स्थिति** - क्या मुख्य परिणाम सूचकों के सांख्यिकीय कदम यह दिखाते हैं कि सुधार हो रहा है?
- **जनधारणा** - क्या लोग महसूस करते हैं कि स्थिति में सुधार हो रहा है?

इनमें से कोई भी सूचक स्वयं एक संपूर्ण, विश्वसनीय विवरण प्रदान नहीं कर सकता लेकिन, संयुक्त रूप से, प्रत्येक सूचक प्रकार एक-दूसरे की पुष्टि कर सकता है - जो भ्रामक परिणामों और प्रतिकूल प्रोत्साहन से बचने में सहायता करता है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि 2015 के बाद विकास की रूपरेखा में शान्ति निर्माण के सूचकों को घटाकर केवल ऐसे एक या दो 'सभी-शामिल' प्रतिनिधि नहीं बनाए जाते जिनसे हिंसक संघर्ष और असुरक्षा को दूर करने में प्रगति दिखाने की अपेक्षा की जाती है।

एक उदाहरण इसे स्पष्ट करने में सहायता कर सकता है: न्याय के विषयगत क्षेत्र में प्रगति का आंकलन करने के लिए, न्यायिक प्रणाली की क्षमता में वृद्धि (जैसे प्रत्येक हिंसक मृत्यु के लिए न्यायाधीशों की संख्या) सही दिशा में एक कदम है। चूँकि व्यावहारिक रूप से न्यायिक स्थिति में सुधार होने में समय लगता है, **क्षमता सूचक** होने वाली प्रगति का स्तर दिखाने में सहायता करते हैं और उसका श्रेय देते हैं। लेकिन किसी **'उद्देश्य' स्थिति सूचक** (जैसे आपराधिक न्याय अंक जिसमें प्रभावशीलता, सामयिकता, निष्पक्षता, उचित प्रक्रिया का आंकलन और अभियुक्त के अधिकार या अधिकारों का उल्लंघन शामिल है) में सुधार के माध्यम से स्पष्ट न किए जाने तक बेहतर न्यायिक प्रदर्शन के संबंध में इस क्षमता के प्रभाव स्पष्ट नहीं होंगे। हालाँकि, इस प्रकार के आंकड़े अक्सर राजनीति से प्रेरित होते हैं और उनसे छेड़छाड़ की जा सकती है। इसलिए, एक ऐसा **धारणा-आधारित सूचक**, जो यह दिखाता है कि वास्तव में लोग अपनी न्यायिक प्रणाली के बारे में क्या सोचते हैं, क्षमता और उद्देश्य स्थिति संबंधी सूचकों के रुझानों की पुष्टि कर सकता है - यह स्पष्ट करते हुए कि अंतिम परिणाम वास्तव में प्राप्त हो रहा है या नहीं।

शान्ति संबंधी चिंताओं का उत्तर देना

"हम भी स्वतंत्रता, शान्ति और सुरक्षा के महत्व, सभी मानव अधिकारों के सम्मान, जिनमें विकास का अधिकार और भोजन के अधिकार सहित, उचित रहन-सहन का अधिकार शामिल है, कानून के शासन, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, और विकास के लिए न्यायसंगत और लोकतांत्रिक समुदायों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।"

द फ़्यूचर वी वान्ट, 2012[22]

"2015 के बाद विकास की कार्यसूची में सुरक्षा संबंधी मुद्दों को शामिल करना ... इसमें एक ऐसी प्रक्रिया को खतरे में डालने का जोखिम है जो विकास के लिए बेहद फ़ायदेमंद हो सकती है।" ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में ब्राज़ील और निकारागुआ[17]	**चिंता 1** **शान्ति को शामिल करने के परिणामस्वरूप विकास की कार्यसूची का 'सुरक्षाकरण' होगा**	शान्ति को शामिल करना विकास की व्यापक रूपरेखा को सुरक्षाकृत होने के जोखिम में डाल सकता है - यानि लोगों के विकास को बढ़ावा देने के बजाय विशिष्ट देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा की कार्यसूची को आगे बढ़ाने के लिए सहायता का उपयोग किया जाना।	**उत्तर 1** **ऐसे किसी भी जोखिम को कम करने के लिए शान्ति-संबंधी उद्देश्य तैयार करने की बहुत गुंजाइश है**	'सुरक्षाकरण' संबंधी चिंताओं का ठोस आधार है। हालाँकि, शान्ति को शामिल करने से इनकार करने के बजाय, उन सदस्य देशों, जिन्हें शान्ति की कार्यसूची के बारे में संदेह है, की ओर से रचनात्मक भागीदारी यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकती है कि यह जोखिम कम किया जाता हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को दूर रखते हुए - सावधानीपूर्वक शान्ति-संबंधी लक्ष्य निर्धारित करके ऐसा किया जा सकता है, विशेष रूप से, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे लोगों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।	"यह विकास के सुरक्षाकरण के बारे में नहीं है। हमारा मानना है कि गरीबी कम करने, सबसे कम विकसित देशों और दीर्घकालिक विकास के लिए शान्ति और स्थिरता महत्वपूर्ण हैं।" ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में दक्षिण अफ़्रीका[23]
"प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा में आंतरिक मामले शामिल नहीं होने चाहिए... 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के संदर्भ में, इस प्रकार के मुद्दों पर चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर विकासशील देशों के लिए शान्ति और विकास के लिए सक्षम बनाने वाला परिवेश बनाने और आंतरिक प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर होने से बचने के तरीके संबंध में की जानी चाहिए।" "शान्तिपूर्ण और स्थिर समुदाय सुनिश्चित करना" पर पी.जी.ए. की विषयगत बहस में चीन का कथन[18]	**चिंता 2** **शान्ति संबंधी उद्देश्य के परिणामस्वरूप देशों की स्वायत्तता का उल्लंघन हो सकता है**	शान्ति को शामिल करना उन मुद्दों पर बाहरी हस्तक्षेप की गुंजाइश पैदा करेगा जो किसी देश की ज़िम्मेदारी हैं। कुछ देशों ने यहाँ तक आगाह किया है कि रूपरेखा में शान्ति को शामिल करना ज़्यादा सैन्य हस्तक्षेपों के अवसर प्रदान करेगा।	**उत्तर 2** **2015 के बाद की रूपरेखा का क्रियान्वयन देश और स्थानीय स्तर पर होगा, इसलिए वह बाहरी हस्तक्षेप को वैध नहीं ठहराएगी**	2015 के बाद विकास की रूपरेखा इससे संबंधित है कि अलग-अलग देश स्वयं अपनी सहायता कैसे कर सकते हैं - न कि यह कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय क्या लागू कर सकता है। घरेलू नेताओं, अधिकारियों, नागरिक समाज और आम जनता द्वारा सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से, देश और स्थानीय स्तर पर सभी उद्देश्यों और लक्ष्यों का क्रियान्वयन होगा। चूँकि यह एक गैर-बाध्यकारी प्रतिबद्धता है, इसलिए 2015 के बाद विकास की रूपरेखा सैन्य हस्तक्षेप के लिए कोई कानूनी आधार प्रदान करेगी।	"हम मानते हैं कि यदि हमें प्रभावी ढंग से इन चुनौतियों से निपटना है तो राष्ट्रीय स्वामित्व अनिवार्य है। हमें विभिन्न संदर्भों और क्षमताओं पर विचार करना होगा।" ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में ई.यू.[24]
"क्या हम आश्वस्त हो सकते हैं... कि यह अंतर्राष्ट्रीय सहायता के प्रवाह के लिए नई शर्तों और गरीबी उन्मूलन और मानवीय विकास से परे सुरक्षा-संबंधी क्रियाओं में पूँजी के परिवर्तन में तबदील नहीं होगा?" "शान्तिपूर्ण और स्थिर समुदाय सुनिश्चित करना" पर पी.जी.ए. की विषयगत बहस में भारत का कथन[19]	**चिंता 3** **शान्ति-संबंधी लक्ष्य सहायता से जुड़ी नई शर्तों में तबदील हो सकते हैं**	अच्छी शासन प्रणाली और मानव अधिकार जैसे मुद्दों पर, शान्ति-संबंधी लक्ष्य सहायतादाताओं को सहायता प्राप्तकर्ताओं पर शर्तें लागू करने के लिए सक्षम बना सकते हैं, जिसे इस दृष्टिकोण के समर्थक हस्तक्षेप और सहायता का दुरुपयोग मानते हैं।	**उत्तर 3** **सहायता से जुड़ी शर्तें विशिष्ट सहायतादाताओं और सहायता प्राप्तकर्ताओं के बीच संबंध का परिणाम हैं**	उदाहरण के लिए, हिंसा में कमी या बढ़ी हुई सुरक्षा के लिए लक्ष्य मातृ स्वास्थ्य या मलेरिया में कमी जैसे मुद्दों के लिए लक्ष्यों से अधिक तक सहायता-संबंधी शर्तों का विस्तार लागू नहीं करते। जैसा एम.डी.जी. के मामले में था, 2015 के बाद विकास की रूपरेखा विकास-संबंधी चुनौतियों का मिलकर सामना करने के लिए दुनिया के सभी देशों की ओर से एक गैर-बाध्यकारी प्रतिबद्धता होगी, देशों द्वारा सहायता प्राप्त करने से पहले पूरी की जाने वाली शर्तों की सूची नहीं। एम.डी.जी. के अनुभव पर फिर से नज़र डालते हुए, यह स्पष्ट है कि शर्तें विशिष्ट सहायतादाताओं और सहायता प्राप्तकर्ताओं के बीच संबंध का परिणाम थीं - स्वयं एम.डी.जी. के बीच संबंध का नहीं। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता, कि सहायतादाता और सहायता प्राप्तकर्ता देशों के बीच संबंध असली साझेदारी दर्शाते हैं, को क्रियान्वयन के साधन संबंधी उद्देश्य के अंतर्गत संबोधित की जा सकती है।	"2015 के बाद की रूपरेखा कानूनी तौर पर बाध्यकारी समझौता नहीं है और उसे कानूनी तौर पर बाध्यकारी मौजूदा दस्तावेज़ों के साथ प्रतिस्पर्धा, प्रतिलिपि, या उनके लिए फिर से बातचीत नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे उन मानकों के साथ श्रेणीबद्ध, और उसके साथ संलग्न, किया जाना चाहिए।" ओ.डब्ल्यू.जी. 6 में यू.के., नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रेलिया[26]
"शान्ति और सुरक्षा के मुद्दे इस बहस का केंद्र नहीं होने चाहिए, ताकि दीर्घकालिक विकास की अनिवार्य सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने पर हमारा ध्यान भंग न हो।" ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में ब्राज़ील और निकारागुआ[20]	**चिंता 4** **2015 के बाद के लिए मापदण्ड तय करने वाले, रियो+20 की कार्यसूची में शान्ति शामिल नहीं है**	रियो+20 का परिणाम दस्तावेज़ तीन स्तंभों पर आधारित है: आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण। इसमें शान्ति, सुरक्षा, न्याय या शासन प्रणाली के लिए कोई विशिष्ट स्तंभ या उद्देश्य शामिल नहीं है, इसलिए एस.डी.जी. में इस प्रकार के मुद्दों को शामिल करने के लिए कोई आदेशपत्र नहीं है।[21]	**उत्तर 4** **शान्तिपूर्ण समुदायों को बढ़ावा देना दीर्घकालिक विकास के लिए रियो+20 की कार्यसूची को मज़बूत करेगा और उसके आधार पर विकसित होगा**	शान्ति की कार्यसूची को दीर्घकालिक विकास पर ध्यान को हटाने या कमज़ोर करने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। जैसा कि 1992 की रियो घोषणा के सिद्धांत 25 में कहा गया है: "शान्ति, विकास और पर्यावरण संरक्षण स्वतंत्र और अभाज्य हैं।" और यद्यपि इस बारे में आम सहमति है कि 2015 के बाद की कार्यसूची रियो+20 के तीन स्तंभों द्वारा तैयार किया जाना चाहिए, इरादा यह नहीं था कि 2012 में रियो+20 के परिणामों पर सहमति बनने पर 2015 के बाद विकास की रूपरेखा को सीमित करने के लिए इनका उपयोग किया जाना चाहिए। नई रूपरेखा दीर्घकालिक विकास की व्यापक अवधारणा दर्शाएगी जो एस.डी.जी. पर ओ.डब्ल्यू.जी. के परिणाम दस्तावेज़, और कई अन्य अलग-अलग इनपुट्स, जिनमें कार्य टीम रिपोर्ट, उच्च-स्तरीय पैनल रिपोर्ट, यू.एन. वैश्विक समझौता रिपोर्ट और माई वर्ल्ड सर्वेक्षण शामिल हैं, द्वारा सूचित की जाती है। अंततः, फिर से यह पुष्टि की जानी चाहिए कि हिंसक संघर्ष और असुरक्षा को कम किए बिना रियो+20 की कार्यसूची हासिल करना असंभव होगा।	"... हमें फिर से यह पुष्टि करने की आवश्यकता दिखाई देती है कि शान्ति और सुरक्षा, मानव अधिकार और विकास यू.एन. सिस्टम के तीन स्तंभ हैं और यह कि ये स्तंभ आपस में जुड़े रहेंगे। मौजूदा वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम एक समग्र दृष्टिकोण अपनाएँ जो यू.एन. के इन तीन घटकों के बीच परस्पर संबंधों पर ध्यान देता हो। ओ.डब्ल्यू.जी. 11 में दक्षिण अफ़्रीका[27]

"लोकतंत्र को बढ़ावा देने और कानून के शासन को मज़बूत करने, और सभी लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय तौर पर मान्यताप्राप्त मानव अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता, जिसमें विकास का अधिकार शामिल है, का सम्मान करने में हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।"

यू.एन. मिलेनियम घोषणा, 2000[33]

"... इन मुद्दों की श्रृंखला को संबोधित करने की भूमिका को उनके उचित संदर्भ में संबोधित किया गया है, जो सुरक्षा परिषद, शान्ति निर्माण आयोग और शान्ति और सुरक्षा का प्रबंधन करने वाली संयुक्त राष्ट्र की अन्य प्रासंगिक संस्थाओं के माध्यम से किया जाता है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में चीन, इंडोनेशिया और कज़ाख़स्तान[28]

चिंता 5

मौजूदा शान्ति और सुरक्षा संरचना द्वारा पहले से शान्ति-संबंधी मुद्दों का प्रबंधन किया जाता है

शान्ति और सुरक्षा पहले से यू.एन. के अन्य अधिक उपयुक्त भागों द्वारा संबोधित किए जा रहे हैं, इसलिए 2015 के बाद विकास की रूपरेखा को इस प्रकार के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता नहीं है। इससे यह शंका जुड़ी है कि शान्ति को शामिल करने के परिणामस्वरूप यू.एन. के विभिन्न भागों के आदेशपत्रों को पुनर्गठित किया जा सकता है - जिससे विकास संबंधी मुद्दों पर यू.एन. के हस्तक्षेप का रास्ता साफ़ हो जाएगा।

यह एक ख़ास चिंता है क्योंकि कई लोग यू.एन.एस.सी. को अप्रतिनिधिक और यह मानते हैं कि उसमें तुरंत सुधार करने की आवश्यकता है।

उत्तर 5

2015 के बाद शान्ति को शामिल करना संघर्ष के मूल कारण को संबोधित करने वाले निरोधक दृष्टिकोण के माध्यम से हिंसा और असुरक्षा को कम करने में सहायता करेगा

2015 के बाद विकास की रूपरेखा में शान्ति को शामिल करना मौजूदा संस्थागत ज़िम्मेदारियों को पुनर्गठित करने से संबंधित नहीं है; इसका संबंध विभाग के भीतर - वर्तमान दृष्टिकोणों में एक महत्वपूर्ण अंतर को संबोधित करते हुए - एक निरोधक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाने से है। एक निरोधक दृष्टिकोण संघर्षों की आवृत्ति को कम करते हुए यू.एन. सिस्टम के अन्य भागों पर बोझ को कम कर सकता है, जो शान्ति बनाए रखने और संकट की प्रतिक्रिया का खर्च घटाने, और सदस्य देशों के बीच इन मुद्दों के संबंध में विवाद को कम करने में सहायता करता है।

"हम उन लोगों से असहमत नहीं हैं जो यह मानते हैं कि शान्ति और स्थिरता बनाए रखने में सुरक्षा परिषद और शान्ति निर्माण आयोग की महत्वपूर्ण भूमिकाएँ हैं। लेकिन, वे शान्ति के उद्देश्य में योगदान देने का ज़रिया हैं - वे साधन हैं, मंज़िल नहीं। और, वे स्वयं लगातार इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकते। संस्थानों का निर्माण करना, एक शान्तिपूर्ण और स्थिर समुदाय विकसित करने के लिए दीर्घकालिक विकास, प्रतिबद्धता और निवेश की आवश्यकता होती है, जो इन संस्थाओं के कार्यक्षेत्र से बहुत परे है।

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में तिमोर-लेस्ते[38]

"...गरीबी और असमानताओं से संघर्षों की शुरुआत होती है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में चीन, इंडोनेशिया और कज़ाख़स्तान[29]

"अक्सर जिन शिकायतों के कारण संघर्ष होता है ... वे बड़े पैमाने पर विकास के अभाव से जुड़ी वंचित रहने की भावना से प्रेरित होती हैं।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका[30]

"... दुनियाभर में कई समुदायों में संघर्ष और अस्थिरता का मुख्य कारण गरीबी है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 11 में दक्षिणी अफ़्रीकी देश[31]

चिंता 6

विकास के परिणामस्वरूप शान्ति उत्पन्न होती है, उसके विपरीत नहीं

यह स्वीकार किया जाता है कि शान्ति, सुरक्षा और विकास परस्पर संबंधित हैं, लेकिन यह आवश्यक रूप से एक-तरफ़ा संबंध है। अल्प विकास, गरीबी और असमानता संघर्ष के मुख्य कारण हैं, इसलिए 2015 के बाद विकास की रूपरेखा में इन मुद्दों को प्राथमिकता देना शान्ति में योगदान देगा।

उत्तर 6

दीर्घकालिक विकास के लिए शान्ति अनिवार्य है, और इसके विपरीत भी।

दीर्घकालिक विकास नई विकास रूपरेखा का केंद्र होना चाहिए। हालाँकि, यह विकास और शान्ति के बीच दो-तरफ़ा संबंध है - एक एकल-दिशा दृष्टिकोण जो अकेले शान्ति या विकास हासिल करना चाहता है, जो कभी दीर्घकालिक विकास और संयुक्त समुदाय हासिल नहीं कर सकेगा।

यद्यपि यह स्पष्ट है कि असुरक्षित, भ्रष्ट या असंयुक्त समुदायों में आर्थिक विकास हो सकता है, उसी समय, ऐसी प्रगति विरले ही लंबे समय तक जारी रहती है। इसके अतिरिक्त, आंतरिक संघर्ष गति को नज़रअंदाज़ करने वाले विकास कार्यक्रम, दरअसल, उन्हें ख़राब करते हैं। जब कोई दीर्घकालिक विकास के स्तंभों पर ध्यान देता है - जिसमें सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण, और आर्थिक विकास शामिल हैं - तो इसका बड़ा प्रमाण मिलता है कि गंभीर रूप से हिंसा द्वारा प्रभावित संदर्भों में विकास हासिल करना काफ़ी कठिन है। 2015 के बाद विकास की रूपरेखा उस सर्वश्रेष्ठ प्रमाण पर आधारित होनी चाहिए जिसके परिणामस्वरूप दीर्घकालिक विकास होगा।

"... संघर्ष की रोकथाम को संबोधित करना, संघर्ष के बाद शान्ति निर्माण, और स्थिर रहने वाली शान्ति को बढ़ावा देना, कानून का शासन और शासन प्रणाली दीर्घकालिक विकास हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में यूगांडा[39]

"केवल शान्ति और सुरक्षा, मानव अधिकार और विकास के परस्पर संबंध को पहचानकर हम दीर्घकालिक विकास हासिल करने में सक्षम होंगे।"

"मानवीय सुरक्षा और 2015 के बाद विकास का एजेंडा" पर पी.जी.ए. की विषयगत बहस में ई.यू. का कथन[40]

"संघर्ष प्रकरण-विशिष्ट है और उसके लिए व्यापक सामान्यीकरण या 'सभी-के-लिए-एक-आकार' फ़ार्मूलों की ज़रूरत नहीं है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में ब्राज़ील और निकारागुआ[32]

चिंता 7

शान्ति का उद्देश्य केवल थोड़ी संख्या में देशों के लिए प्रासंगिक और उनपर लागू होगा

2015 के बाद विकास की रूपरेखा सर्वव्यापी रूप से लागू होनी चाहिए, लेकिन शान्ति के उद्देश्य और लक्ष्य केवल हथियारबंद संघर्ष का सामना करने वाले देशों के एक ख़ास उप-समूह पर लागू होते हैं।[34]

इस तर्क का एक रूपांतर यह है कि संघर्ष को बढ़ावा देने वाली शर्तें संदर्भ-विशिष्ट हैं, और 2015 के बाद विकास की रूपरेखा के सर्वव्यापी दृष्टिकोणों के अधीन नहीं हैं।

उत्तर 7

सभी सदस्य देशों को शान्ति पर प्रगति करने की आवश्यकता है

कई लक्ष्य कुछ सदस्य देशों की तुलना में अन्य सदस्य देशों पर ज़्यादा लागू होंगे। उदाहरण के लिए, स्वीडन में 2013 में मातृ मृत्युओं की संख्या 4 प्रति 100,000 थी जबकि सिएरा लियोन में यह संख्या 1,100 प्रति 100,000 थी।[36] यह तथ्य कि कुछ सदस्य देश दूसरों की तुलना में कुछ मुद्दों पर ज़्यादा प्रगति करते हैं एक सर्वव्यापी आकांक्षा के रूप में उस मुद्दे को अमान्य नहीं करता।

हाल के वर्षों में दुनियाभर में हिंसा, दंगे और क्रांति के प्रकोपों ने यह उजागर किया है कि केवल तथा-कथित "संघर्ष-प्रभावित और कमज़ोर देश" ही हिंसा और असुरक्षा का सामना नहीं कर रहे हैं। बेशक, वास्तविकता यह है कि दुनिया का चार में से एक व्यक्ति - जिनमें से कई स्थिर मध्यम-आमदनी वाले देशों में रहते हैं - राजनीतिक और आपराधिक हिंसा द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में रहता है।[37] इसलिए, सभी सदस्य देशों को शान्ति में प्रगति करने की आवश्यकता है। यह चिंता कम की जा सकती है कि कि शान्ति के मुद्दों से संबंधित लक्ष्य बहुत ज़्यादा निर्देशात्मक हो सकते हैं: पहली बात, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे वास्तव में सर्वव्यापी मुख्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं; दूसरी बात, लक्ष्य तैयार करके ताकि वे परिणाम-केंद्रित हों - यह निर्णय लेने में सदस्य देशों को सक्षम बनाना कि प्रगति करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

"संपूर्ण शोध और विकास अनुभव दिखाता है कि किसी समुदाय में शान्ति और स्थिरता ... सफल विकास अनुभवों का केंद्र हैं।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में तिमोर-लेस्ते और साओ तोम और प्रिंसिप[41]

"... पूरी दुनिया में कोई भी देश हिंसा से मुक्त नहीं है - निश्चित रूप से स्वयं मेरा देश नहीं - और इसलिए हिंसा से मुक्ति और शान्तिपूर्ण समुदायों को बढ़ावा देने में सभी देशों का हित है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में तिमोर-लेस्ते और साओ तोम और प्रिंसिप[42]

"हमें आर्थिक और सामाजिक असमानताओं एवं बहिष्करण से निपटना होगा; अच्छी और संयुक्त शासन प्रणाली को मज़बूत बनाना होगा; हर प्रकार के भेदभाव का मुकाबला करना होगा और स्थानीय, राष्ट्रीय और महाद्वीपीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रथाओं और प्रक्रियाओं के माध्यम से अनेकता में एकता को विकसित करना होगा।"

2015 के बाद विकास की कार्यसूची पर साझा अफ़्रीकी स्थिति, 2014[35]

"सबसे कम विकसित देशों में दीर्घकालिक विकास का शान्ति और सुरक्षा से करीबी संबंध है... संघर्ष से प्रभावित सबसे कम विकसित देशों में अंतर्राष्ट्रीय तौर पर सहमत उद्देश्यों, जिसमें मिलेनियम विकास उद्देश्य शामिल हैं, और दीर्घकालिक, संयुक्त और न्यायसंगत आर्थिक विकास और दीर्घकालिक विकास हासिल करने में प्रगति सबसे धीमी रही है।"

सबसे कम विकसित देशों के लिए इस्तांबुल कार्य योजना, 2011[48]

"हम, सबसे विशिष्ट रूप से हमारे जी.7+ देशों द्वारा व्यक्त, इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं कि शान्ति, स्थिरता और कानून के शासन के अभाव में छोटे, भूमि-सीमित या संघर्ष से प्रभावित देशों में एम.डी.जी. हासिल नहीं किए जा सकते। हम मानव अधिकारों, निष्पक्षता, न्याय और शान्ति के सम्मान के सर्वव्यापी सिद्धांतों द्वारा मज़बूत किए गए अपने विकास संबंधी प्रयासों की आवश्यकता की पुष्टि करते हैं।"

डिली सर्वसम्मति, मार्च 2011[49]

"हमारे विचार में, अनुशंसित लक्ष्य एक चयनात्मक दृष्टिकोण दर्शाते हैं, विशेष रूप से यह कि उन्होंने, जिस क्षेत्र में हम रहते हैं, सुरक्षा और स्थिरता संबंधी प्रमुख चिंताओं, ख़ास तौर पर विदेशी रोज़गार, आतंकवाद, हथियारों के लिए होड़ और परमाणु हथियारों का प्रसार, को नज़रअंदाज़ किया।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में मिस्र[43]

"... निरस्त्रीकरण, विशेष रूप से परमाणु हथियार और सामूहिक विनाश के हथियार, के अति महत्वपूर्ण और वैश्विक मुद्दों को संबोधित किया जाना चाहिए।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में नाइजीरिया[44]

चिंता 8

शान्ति की कार्यसूची तैयार करना चयनात्मक और प्रतिबंधक है

संघर्ष और असुरक्षा को वास्तव में संबोधित करने के लिए, 2015 के बाद विकास की रूपरेखा को सैन्य हस्तक्षेपवाद, परमाणु निरस्त्रीकरण, सैन्य खर्च, और एकतरफ़ा लागू किए गए प्रतिबंधों जैसे मुद्दों, और वैश्विक शासन प्रणाली सुधार जैसे संस्थागत मुद्दों पर ध्यान देना होगा।

उत्तर 8

निरोधक दृष्टिकोण के माध्यम से विकास 'कठोर सुरक्षा' संबंधी मुद्दों में योगदान दे सकता है

हस्तक्षेपवाद, सैन्य खर्च, परमाणु हथियार और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों के बारे में खुला संवाद महत्वपूर्ण है - उतना ही जितना यह सुनिश्चित करना कि उद्देश्य के लिए वैश्विक संस्थान सही हैं। फिर भी, शान्ति के व्यापक कार्यसूची के कुछ पहलू साफ़ तौर पर उन संस्थानों के आदेशपत्र के अंतर्गत हैं जो 'कठोर सुरक्षा' या अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं; और 2015 के बाद विकास की रूपरेखा के संदर्भ में उन पर चर्चा करना अन्य संस्थाओं के काम की नकल कर सकता है और इतना धुंधीकरणीय हो सकता है कि वह एक परिवर्तनकारी कार्यसूची के आधार पर आम सहमति विकसित करने के प्रयासों को नज़रअंदाज़ कर सकता है। इन बातों के होते हुए भी, संबंध मौजूद हैं। 2015 के बाद की रूपरेखा को हिंसक संघर्ष और असुरक्षा के प्रति एक प्रतिकूल निरोधक दृष्टिकोण के समर्थन और उसे बढ़ावा देने के माध्यम से कठोर सुरक्षा संबंधी इन मुद्दों को हल करने में योगदान देना चाहिए।

"... इससे संतुष्ट नहीं कि शान्ति और शासन प्रणाली को सहमति-जन्य तरीकों से लक्षित और उनका आंकलन किया जा सकता है।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 8 में ब्राज़ील[45]

"... उन्हें [शान्ति-संबंधी लक्ष्य] प्रारंभ करने, आंकलन करने, निगरानी करने और मूल्यांकन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तौर पर सहमत विधियाँ और ढांचे क्या हैं?"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में ईरान[46]

चिंता 9

शान्ति-संबंधी लक्ष्यों का आंकलन नहीं किया जा सकता

शान्ति, सुरक्षा, न्याय या शासन प्रणाली से संबंधित लक्ष्यों का विश्वसनीय ढंग से आंकलन नहीं किया जा सकता - ऐसे लक्ष्यों का आंकलन करने के लिए उचित डेटासेट्स के अभाव और/या देश की क्षमता के कारण - इसलिए वे 2015 के बाद विकास की रूपरेखा में वे मौजूद नहीं होने चाहिए।

इसके अतिरिक्त, किसी ऐसे ढंग से शान्ति-संबंधी लक्ष्यों का आंकलन करना संभव नहीं है जो विभिन्न देशों के विशिष्ट राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रक्षेप पथ दर्शाता है और उनका सम्मान करता है।

उत्तर 9

शान्ति का आंकलन किया जा सकता है - यद्यपि आंकड़े एकत्रित करने की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए निवेश की आवश्यकता होगी

यह सच है कि आंकलन करने के लिए शान्ति एक सीधी वस्तु नहीं है, और कई मामलों में आंकड़े सीमित होते हैं। हालाँकि, प्रसांगिक मुद्दों के बारे में आश्चर्यजनक मात्रा में आंकड़े पहले से मौजूद हैं, और ऐसे प्रामाणिक लक्ष्य और सूचक विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है, जो सभी यह दर्शाते हैं कि क्या संभव है।[50] उदाहरण के लिए, हाल ही में शान्ति-संबंधी लक्ष्यों का आंकलन करने के लिए नवप्रवर्तक, राष्ट्रीय स्वामित्व के प्रयास साझा करने और उनपर चर्चा करने के लिए ए.यू. और यू.एन. विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 24 राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालयों के अफ़्रीकी सांख्यिकीविद एकत्रित हुए।[51] हालाँकि, यदि शान्ति-संबंधी लक्ष्यों का आंकलन करना है तो आंकड़े एकत्रित करने की क्षमताओं, विशेष रूप से वे जो वैश्विक दक्षिण में मौजूद हैं, में दीर्घकालिक निवेश महत्वपूर्ण होगा।

"... सुरक्षा के लेंस अप्रत्यक्ष रूप से इस पक्षपाती विचार को बढ़ावा देने में योगदान दे सकते हैं कि हिंसा और अस्थिरता केवल गरीब और कम विकसित क्षेत्रों में मौजूद हो सकती हैं।"

ओ.डब्ल्यू.जी. 10 में ब्राज़ील और निकारागुआ[47]

चिंता 10

शान्ति-संबंधी लक्ष्यों को शामिल करना कुछ देशों पर दाग़ लगा देगा

शान्ति-संबंधी लक्ष्य 'यश और अपयश' दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करते हैं, जिनसे कुछ देश ऐसे दिखाई देंगे जैसे कि वे एस.डी.जी. में प्रगति करने में असफल हो रहे हैं। इनमें से कुछ देश घरेलू असुरक्षा और हिंसा से निपट रहे हैं लेकिन हिंसा में कमी जैसे शान्ति-संबंधी लक्ष्यों का विरोध करते हैं क्योंकि वे उन मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण नहीं चाहते जो उन्हें घरेलू तौर पर चुनौतीपूर्ण लगते हैं।

उत्तर 10

2015 के बाद के लक्ष्य उन चुनौतियों, देश जिनका सामना कर रहे हैं, को उजागर करने और उन्हें हल करने के तरीके से संबंधित हैं

एम.डी.जी. 'यश और अपयश' से संबंधित नहीं थे। उन्होंने देशों द्वारा अनुभव की जा रही विकासात्मक चुनौतियों और उन्हें दूर करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करने की माँग की थी - जहाँ आवश्यक हो वहाँ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ। 2015 के बाद विकास की रूपरेखा, विकास-संबंधी मुख्य चुनौतियों को प्रेरित और उन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इससे मिलती-जुलती भूमिका निभाने के लिए अभीष्ट है - यह पहचानते हुए कि वे सभी सदस्य देशों पर लागू होने चाहिए केवल विकासशील देशों पर नहीं।

यद्यपि शान्ति-संबंधी लक्ष्य उन घरेलू मुद्दों को उजागर कर सकते हैं जिन्हें कुछ सरकारें छिपाना पसंद करेंगी (उदाहरण के लिए हिंसा की अधिक दर), ज़्यादा शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों का निर्माण करना दुनियाभर के नागरिकों के लिए प्राथमिकता है - और इसलिए अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की चिंता करने वाले सदस्य देशों द्वारा अस्वीकार नहीं की जानी चाहिए। बेशक, कई संघर्ष-प्रभावित देश शान्ति-संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की माँग कर रहे हैं, चाहे इस प्रकार ज़ोर देना उनके विकास के नकारात्मक पहलुओं को उजागर कर सकता है, यह तर्क देते हुए कि शान्ति-संबंधी मुद्दों पर समर्थन के बिना वे विकास-संबंधी प्रगति नहीं कर सकते।

आपके और आपके परिवार के लिए इनमें से सबसे महत्वपूर्ण क्या हैं?

3,795,307 वोट
19 अगस्त तक
http://data.myworld2015.org/

शान्ति के लिए आम सहमति बनाना

यू.एन. के सदस्य देश इससे सहमत हैं कि **गरीबी कम करना 2015 के बाद की सर्वव्यापी रूपरेखा का केंद्र होना चाहिए**, और यह कि उसे दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए। यद्यपि इस बारे में आम सहमति बढ़ रही है कि हिंसक संघर्ष और असुरक्षा इस प्रकार के प्रयासों को बाधित कर सकते हैं, **इस बारे में मतभेद हैं कि 2015 के बाद की रूपरेखा के माध्यम से शान्ति को बढ़ावा दिया जाए** या नहीं और उसका तरीका क्या होना चाहिए।

यद्यपि उनके बीच कुछ परस्पर सहमति है, **सदस्य देशों ने विशेष रूप से निम्न चार स्थितियाँ व्यक्त की हैं**:

स्थिति 1: **उद्देश्यों और लक्ष्यों में शान्ति के किसी भी संदर्भ को अस्वीकार करना**, यह तर्क देते हुए कि विकास की रूपरेखा में उसका कोई स्थान नहीं है।

स्थिति 2: **किसी उद्देश्य का विरोध करना लेकिन किसी अन्य उद्देश्य में स्पष्ट रूप से शान्ति पर केंद्रित लक्ष्यों को शामिल किए जाने का समर्थन करना**, उन लक्ष्यों के साथ जो हिंसक संघर्ष और असुरक्षा के सामाजिक-आर्थिक कारणों को संबोधित करते हैं।

स्थिति 3: **कम से कम ऐसे एक उद्देश्य का समर्थन करना**, जो संबंधित मुद्दों के समूह के रूप में शान्ति और शासन प्रणाली दोनों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है।

स्थिति 4: **दो उद्देश्यों का समर्थन करना, एक शान्ति से संबंधित और दूसरा शासन प्रणाली से संबंधित**, विकास के लिए उनकी प्राथमिकता और ऐसे विभिन्न मुद्दे इंगित करते हुए जो प्रत्येक उद्देश्य द्वारा हल किए जाने चाहिए।

बड़ी संख्या में सदस्य देश स्वयं को समूह 2, 3 और 4 में रखते हैं। यह शान्ति पर एक अधिक व्यापक सहमति बनाने के लिए ठोस आधार प्रदान करता है, जो महत्वपूर्ण है क्योंकि शिकायतों के साथ पत्र की स्वीकृति के बजाय केवल सबसे व्यापक प्रतिनिधित्व वाले देशों द्वारा वास्तविक प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करेगी कि 2015 के बाद विकास न्यायसंगत और प्रभावी होगा।

इसके अतिरिक्त, यद्यपि ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ में ऐसे कई तत्व मौजूद हैं जो दीर्घकालिक शान्ति का समर्थन करेंगे, उसे काफ़ी मज़बूत किया जा सकता है, इसलिएसदस्य देशों को अधिक प्रभावी ढंग से शान्तिपूर्ण और संयुक्त समुदायों को बढ़ावा देने का उद्देश्य बनाने के तरीके पर विचार करना चाहिए।

सिद्धांत

2015 के बाद विकास की कार्यसूची में शान्ति को शामिल करने के संभावित प्रयासों के बारे में मूलभूत चिंताएँ हैं। इनमें से कुछ चिंताओं को कम करने के लिए, सभी सदस्य देशों को ऐसे सिद्धांत व्यक्त करने चाहिए जो स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हों कि शान्ति का उद्देश्य किससे संबंधित है - और किससे नहीं। ये पुष्टि कर सकते हैं कि:

- सभी देशों में दीर्घकालिक विकास को हिंसक संघर्ष और असुरक्षा से खतरा है, और समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से विकास की नई रूपरेखा इन जोखिमों को कम करने में सहायता कर सकती है;
- यद्यपि वे वैश्विक शान्ति में योगदान देते हैं, देशों के भीतर शान्तिपूर्ण समुदायों और लोगों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास यू.एन.एस.सी. के औपचारिक आदेशपत्र और अधिकारों से अलग होते हैं;
- 2015 के बाद की रूपरेखा में शान्ति को संबोधित करना देश की स्वायत्तता पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा और वह मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय मानदण्डों और समझौतों पर आधारित होगा;
- संयुक्त देश स्वामित्व के सिद्धांत द्वारा 2015 के बाद विकास की कार्यसूची का मार्गदर्शन किया जाएगा;
- रूपरेखा के के माध्यम से शान्ति को संबोधित करना हिंसक संघर्ष और असुरक्षा के प्रति एक निरोधक दृष्टिकोण पर आधारित होगा जो वैश्विक शान्ति प्रस्तावों में योगदान देता है और मौजूदा संस्थानों जैसे यू.एन. शान्ति निर्माण आयोग का पूरक है;
- शान्ति एक सर्वव्यापी कार्यसूची है, जिसके समर्थन में विकसित देश सभी देशों के साथ ऐसी कार्रवाई करने के लिए भागीदारी करने के लिए तैयार हैं जो उनकी नीति-संबंधी अन्य प्राथमिकताओं, जैसे गैर-कानूनी वित्तीयन, को चुनौती देती हो।

दुनियाभर में शान्ति, शान्ति को उनकी भलाई के लिए आवश्यक वस्तु के रूप में देखें। मोगादीशु, सोमालिया में युवा लड़के। © saferworld

शान्ति तक पहुँचने का तरीका

मार्गदर्शक कथन के रूप में इन सिद्धांतों का उपयोग करते हुए, ऐसे कई कदम हैं जो सदस्य देशों के विभिन्न समूहों द्वारा किसी ऐसी रूपरेखा पर समझौता करने के लिए उठाए जा सकते हैं जो शान्ति को बढ़ावा देने में प्रभावी हो।

शान्ति को शामिल किए जाने की माँग पर ज़ोर दें: स्थिति 3 और 4 से संबंधित सदस्य देशों को यह दिखाना चाहिए कि बड़ी संख्या में देश 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के भीतर - और सार्वजनिक समर्थन की गहनता - में उद्देश्य-स्तर पर शान्ति, न्याय और शासन प्रणाली संबंधी मुद्दों को शामिल किए जाने का समर्थन करते हैं।

सीमित संख्या में प्राथमिकता-संबंधी लक्ष्यों पर सहमत हों: स्थिति 3 और 4 व्यक्त करने वाले सदस्य देशों को शान्ति के किसी ऐसे उद्देश्य के अंतर्गत आने वाले, सीमित संख्या में, प्राथमिकता-संबंधी लक्ष्यों पर सहमत होना होगा जो शान्तिपूर्ण समुदायों को बढ़ावा देने में सबसे प्रभावी होगा। यद्यपि यह स्वीकार करते हुए कि सुधार की काफ़ी गुंजाइश है, इस चर्चा का आधार बनाने के लिए सदस्य देशों को ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ के उद्देश्य 16 के लक्ष्यों का उपयोग करना चाहिए।

जहाँ आम सहमति है वहाँ लक्ष्यों को आधार बनाएँ: ओ.डब्ल्यू.जी. के दौरान कथनों के आधार पर, यह स्पष्ट है कि ऐसे लक्ष्य मौजूद हैं जहाँ स्थिति 2 के लिए समर्थन व्यक्त करने वाले सदस्य देशों और स्थिति 3 और 4 का पालन करने वाले सदस्य देशों के बीच सहमति बनाई जा सकती है।

इस बारे में ठोस प्रस्ताव बनाएँ कि अन्य उद्देश्यों के अंतर्गत लक्ष्य शान्ति को कैसे संबोधित कर सकते हैं: एक आधार के रूप में ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ का उपयोग करते हुए, स्थिति 2 के लिए समर्थन व्यक्त करने वाले सदस्य देशों को ऐसे अन्य उद्देश्य क्षेत्रों में लक्ष्यों के लिए ठोस प्रस्ताव बनाने चाहिए जो एक विकासात्मक दृष्टिकोण के साथ शान्ति को बढ़ावा देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एक समग्र और आर-पार के ढंग से रूपरेखा शान्ति को संबोधित करती है।

शान्ति संबंधी लक्ष्यों में संशोधन करना जारी रखें: जैसे कि देखा गया है, ओ.डब्ल्यू.जी. परिणाम दस्तावेज़ के कई विशिष्ट लक्ष्यों में महत्वपूर्ण सुधार किए जा सकते हैं। सभी सदस्य देशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि शान्ति-संबंधी सहमत लक्ष्य:

1. संघर्ष के **मुख्य कारणों** को संबोधित करते हैं केवल उनके लक्षण नहीं
2. लोगों के लिए परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और उनके **कारण विकास की कार्यसूची** का सुरक्षाकरण नहीं होगा
3. सहमत लक्ष्य हासिल करने के साधन **निर्धारित नहीं** करते
4. **वास्तव में** सर्वव्यापी हैं संदर्भ-विशिष्ट नहीं
5. **व्यापक रूप से स्वीकृत प्रमाण** पर आधारित हैं
6. सूचकों के **समूह के माध्यम** से आंकलन करने योग्य हैं

प्राथमिकता-संबंधी लक्ष्यों की आंकलन योग्यता प्रदर्शित करें: स्थिति 3 और 4 व्यक्त करने वाले सदस्य देशों को उनके प्राथमिकता-संबंधी लक्ष्यों की आंकलन योग्यता प्रदर्शित करनी चाहिए, विकासशील देशों में राष्ट्रीय स्तर पर उनका आंकलन करने की क्षमता के विकास का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और कार्रवाई (कारवाई) की वे किस्में (नुस्खें) भी उजागर करनी चाहिए जो वे अपने देशों में इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए करेंगे।

प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करें: सभी देशों को सामूहिक रूप से प्रणालीगत मुद्दों -**बाहरी तनाव और वैश्विक शासन प्रणली सहित** - का निरीक्षण करना चाहिए। इसमें इस बारे में समझौता शामिल होना चाहिए कि विशिष्ट लक्ष्यों के माध्यम से रूपरेखा द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किसे संबोधित किया जा सकता है और इस कार्यसूची से क्या नहीं जोड़ा जाना चाहिए (साथ ही वे तरीके जिनसे 2015 के बाद की रूपरेखा अन्य रूपरेखाओं और संस्थानों के माध्यम से अपवर्जित मुद्दों को संबोधित करने के लिए कार्रवाई उत्प्रेरित कर सके)।

शान्ति और शासन प्रणाली संबंधी मुद्दों का अंतर-संबंध दोहराएँ: जैसा कि पहले कहा गया है, शान्ति और शासन प्रणाली संबंधी मुद्दे आंतरिक रूप से संबंधित हैं। 2015 के बाद विकास की कार्यसूची के भीतर शान्ति को शामिल किए जाने के समर्थक सदस्य देशों को शासन प्रणाली संबंधी मुख्य लक्ष्यों को बचाते हुए लगातार इन संबंधों की पुन: पुष्टि करनी चाहिए। ऐसा करने में असफलता का परिणाम संभावित रूप से एक ऐसी रूपरेखा होगी जो शान्ति को बढ़ावा देने में बेअसर है।

SAFERWORLD
हिंसक संघर्ष की रोकथाम। सुरक्षित जीवन का आधार

हम संघर्ष से प्रभावित स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सुरक्षा की भावना में सुधार करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करते हैं, और व्यापक शोध और विश्लेषण करते हैं। हम उन स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों और प्रथाओं में सुधार करने के लिए इस प्रमाण और जानकारी का उपयोग करते हैं जो दीर्घकालिक शान्ति का निर्माण करने में सहायता कर सकती हैं। हमारी प्राथमिकता लोग हैं - हमारा मानना है कि हर व्यक्ति, असुरक्षा और हिंसक संघर्ष से मुक्त, शान्तिपूर्ण, सफल जीवन बिताने में सक्षम होना चाहिए।

हमारा एक लाभ-रहित संगठन है जो अफ़्रीका, एशिया और यूरोप में 20 से अधिक देशों और प्रदेशों में काम करता है।

www.saferworld.org.uk

प्रकाशन

हमारे प्रकाशन हमारी वेबसाइट से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध हैं। अनुरोध करने पर हम कुछ विशिष्ट प्रकाशनों की छपी हुई प्रतिलिपियाँ प्रदान करते हैं।

Saferworld नियमित नीति विवरण और प्रस्तुतिकरण भी पेश करता है, जो सभी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

यहाँ और पढ़ें:
www.saferworld.org.uk

- *संघर्ष और 2015 के बाद विकास की कार्यसूची: दक्षिण अफ़्रीका के परिदृश्य*
- *शान्ति और 2015 के बाद विकास की कार्यसूची: ब्राज़ीलियाई परिदृश्य समझना*
- *शान्ति की संभावना से 2015 के बाद कदम बढ़ाना*
- *2015 से संघर्ष और हिंसा को संबोधित करना: उद्देश्यों, लक्ष्यों और सूचकों की दूरदर्शिता*

नोट्स

1 www.post2015hlp.org/the-report/
2 www.un.org/millenniumgoals/pdf/Outcome%20documentMDG.pdf
3 www.un.org/millenniumgoals/pdf/China_GA_Spec_Event_25Sept13.pdf
4 www.nepad.org/sites/default/files/Common%20African%20Position-%20ENG%20final.pdf
5 तीन मुख्य बाहरी तनावों के बारे में Saferworld की व्याख्या देखें 2015 के बाद की कार्यसूची पर अंतिम बातचीत प्रारंभ होना तय होने पर अधिक गहनता से जिनपर विचार करने की आवश्यकता है: www.saferworld.org.uk/resources/view-resource/827-external-stresses-and-the-post-2015-framework-three-key-questions
6 टेलर एम., 2013, पृ.2, सी.एफ. यू.एन.ओ.डी.सी.: 'आपराधिक आय का समग्र सर्वश्रेष्ठ अनुमान 2009 में जी.डी.पी. के 3.6% या US$21 खरब के निकट है। वैध की गई रकम का सर्वश्रेष्ठ अनुमान 2009 में जी.डी.पी. के to 2.7% या US$16 खरब के निकट है', यू.एन.ओ.डी.सी., 2011, 'नशीली दवाओं की तस्करी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराधों के परिणामस्वरूप गैर-कानूनी वित्तीयन का अनुमान लगाना', विएना, पृ. 127.
7 www.theguardian.com/world/2014/jun/20/ global-refugee-figure-passes-50-million-unhcr-report
8 http://learningforpeace.unicef.org/resources/ the-economic-cost-of-violence-containment/
9 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6520brazil.pdf
10 चैंडी, एल., एन. लेडली और वी. पेन्सियाकोवा (2013) अंतिम उलटी गिनती: 2030 तक अत्यंत गरीबी समाप्त करने की संभावनाएँ (संवादात्मक) ब्रुकिंग्स इंस्टिट्यूशन, वाशिंगटन डी.सी.
11 http://data.myworld2015.org/
12 www.nepad.org/sites/default/files/Common%20African%20Position-%20ENG%20final.pdf
13 विश्व बैंक (2011) विश्व विकास रिपोर्ट 2011: संघर्ष, सुरक्षा, और विकास, विश्व बैंक रिपोर्ट, पृ. 61.
14 ओ.ई.सी.डी. (2014) कमज़ोर देश 2014: कमज़ोर देशों में घरेलू राजस्व संचालन ओ.ई.सी.डी.: पेरिस पृ. 17
15 जेनेवा घोषणा, 'हथियारबंद हिंसा का स्वर्णिम भार 2011', (जेनेवा, 2011)।
16 www.theguardian.com/uk/2011/oct/24/ england-riots-cost-police-report/
17 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6520brazil.pdf
18 http://webtv.un.org/meetings-events/index.php/ watch/part-2-ensuring-stable-and-peaceful-societies-general-assembly-thematic-debate/3505168372001
19 http://papersmart.unmeetings.org/media2/2927287/india.pdf
20 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6520brazil.pdf
21 "द फ़्यूचर वी वान्ट"। रियो+20 दीर्घकालिक विकास पर यू.एन. कॉन्फ्रेंस। जून 2012, www.uncsd2012.org/content/ documents/774futurewewant_english.pdf.
22 www.un.org/ga/search/view_doc.asp?symbol=A/RES/66/288&Lang=E
23 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8022southafrica2.pdf
24 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6445eu1.pdf
25 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6370uk3.pdf
26 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/5338uk.pdf
27 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/9710southafrica.pdf
28 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6340indonesia3.pdf
29 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6340indonesia3.pdf
30 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6315pakistan1.pdf
31 http://webtv.un.org/meetings-events/index.php/watch/9th-meeting-open-working-group-on-sustainable-development-goals-eleventh-session/3550899805001#full-text
32 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6520brazil.pdf
33 www.un.org/millennium/declaration/ares552e.htm
34 "विशेष ईवेंट 25 सितम्बर: परिणाम दस्तावेज़"। संयुक्त राष्ट्र। सितम्बर 2013, www.un.org/ millenniumgoals/pdf/Outcome%20documentMDG. pdf.
35 www.nepad.org/sites/default/files/Common%20African%20Position-%20ENG%20final.pdf
36 http://apps.who.int/iris/bitstream/10665/112697/1/WHO_RHR_14.13_eng.pdf?ua=1
37 शान्ति निर्माण और देश निर्माण के लिए नागरिक समाज प्लेटफ़ॉर्म (2013) 'दीर्घकालिक शान्ति और सुरक्षित समुदायों को विकास की कार्यसूची के केंद्र में रखना: 2015 के बाद के लिए प्राथमिकताएँ', पृ. 2.
38 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8382timor.pdf
39 sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6395uganda1.pdf
40 www.eu-un.europa.eu/articles/en/ article_15169_en.htm
41 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8382timor.pdf
42 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8257sweden7.pdf
43 http://webtv.un.org/search/10th-meeting-open-working-group-on-sustainable-development-goals-eleventh-session/3554410066001?term=open%20working%20group&sort=date
44 http://webtv.un.org/search/10th-meeting-open-working-group-on-sustainable-development-goals-eleventh-session/3554410066001?term=open%20working%20group&sort=date%23full-text
45 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/6520brazil.pdf
46 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8062iran8.pdf
47 http://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/8132nicaragua.pdf
48 www.ipu.org/splz-e/ldciv/action.pdf
49 www.g7plus.org/news-feed/2013/3/1/the-dili-consensus-is-presented-and-endorsed-at-the-dili-int. html
50 www.saferworld.org.uk/resources/view-resource/730-a-vision-of-goals-targets-and-indicators
51 www.saferworld.org.uk/resources/view-resource/816-towards-regional-and-national-statistical-capacities-for-measuring-peace-rule-of-law-and-governance

कॉपीराइट © Saferworld, सितम्बर 2014.
SAFERWORLD The Grayston Centre, 28 Charles Square, London N1 6HT • फ़ोन: +44 (0)20 7324 4646 • फ़ैक्स: +44 (0)20 7324 4647 • वेब: www.saferworld.org.uk
यू.के. पंजीकृत चैरिटी सं. 1043843 • गारंटी सं. 3015948 द्वारा सीमित कंपनी